स्वागत द्वार गिरा, राजिम में 3 घायल

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 8 फरवरी। राजिम कुंभ मेले में बुधवार की सुबह एक 50 फुट का बांस से बना स्वागत द्वार गिर गया। द्वार में दबने से 3 लोग घायल हो गए। यह गेट कुलेश्वर महादेव मंदिर और संत समागम स्थल के बीच लगा था। जबकि उक्त दोनों स्थान सर्वाधिक भीड़भाड़ वाला इलाका है। लेकिन घटना के समय वहां ज्यादा भीड़ नहीं थी। जिस वजह से एक बड़ी घटना होने से टल गया।

राजिम कुंभ का आज दूसरा दिन है। घाटना के समय अधिकांश श्रद्धालु स्नान व दर्शन कर चुके थे। जिस वजह से भीड़ कम थी। स्वागत द्वार के गिरने से ग्राम-जेंजरा की दो महिला फुलेद बाई साहू, हेमलता साहू तथा ग्राम झलप सिंघनपुर से आई एक बच्ची दामिनी केंवट को चोट आई हैं। आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान और सुरक्षा कर्मियों ने गेट के ढांचे में दबी महिलाओं और बच्ची को निकालकर पास के चिकित्सा केन्द्र में पहुंचाया।

इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. ज्वाला ने बताया कि शरीर पर हल्की खरोंचे हैं। प्रत्यक्षदर्शी राजिम निवासी नरेश सोनकर एवं सेवक भाई ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे की घटना है।

कलकत्ता के कारीगरों द्वारा तैयार इलेक्ट्रानिक स्वागत गेट पूरे मेला क्षेत्र में लगाया गया है। बताया गया कि रेत में ठीक से आधार ना मिल पाने के कारण गेट गिर गया।

अमित को बरी करने के खिलाफ सीबीआई भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची

जग्गी हत्याकांड

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 8 फरवरी। राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता राम अवतार जग्गी की हत्या मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई भी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। हाईकोर्ट ने सीबीआई की याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि नियत अवधि के भीतर अपील नहीं की गई है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष राम अवतार जग्गी की वर्ष- 03 में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में सीबीआई ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए जिला अदालत ने अमित को छोड़कर बाकी आरोपियों को सजा सुनाई। सीबीआई ने अमित को बरी किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। मगर, इस पूरी प्रक्रिया में काफी विलंब हुआ। जबकि तीन महीने के भीतर अपील की जा सकती है। हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील खारिज कर दी। इस पर सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है।

इससे पहले राज्य सरकार ने भी अमित जोगी को बरी करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि मामले में अभियुक्त

(बाकी पेज 5 पर)

40 हजार करोड़ का औद्योगिक रेल-कॉरीडोर बनेगा

(पहले पेज से आगे) मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने स्वर्ण चतुर्भुज का निर्माण करवाया। उसी तरह 10 साल की कार्य योजना बनाकर इस औद्योगिक कॉरीडोर का निर्माण कराया जा सकता है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री श्री त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अच्छा सुझाव दिया है। वे इससे सहमत हैं। योजना की कार्ययोजना तैयार करने के लिए सेल, कोल इंडिया, रेलवे और उद्योगों से जुड़े लोगों की समिति बनाई गई है। सभी मिलकर योजना का ढांचा तैयार करेंगे। वे चाहते हैं कि आगामी बजट से पहले रिपोर्ट तैयार हो जाए, ताकि इसे मजूरी दी जा सके।

रेलमंत्री के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि 6 माह की मेहनत के बाद इस औद्योगिक कॉरीडोर का प्रस्ताव तैयार करवाया गया है। कॉरीडोर के निर्माण से छत्तीसगढ़ से रेल्वे की आमदनी अभी जो 20 प्रतिशत है वह बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी। रेलमंत्री दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ आने से पूर्व उनके पास भी 4-5 दिनों से फोन आ रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह यहां के लोगों ने उन पर भरोसा किया है उससे उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। वे छत्तीसगढ़ में बहुत कुछ करना चाहते हैं। यहां से रेल्वे को काफी आमदनी होती है। उन्होंने क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने का भरोसा भी दिलाया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि औद्योगिक कॉरीडोर के लिए अल्पकालीन और दीर्घकालीन दोनों तरह की योजनाएं बनाई जा सकती हैं। वे इस प्रस्ताव पर और विचार करेंगे।

मंत्रालय में श्री त्रिवेदी के साथ बैठक में राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य अमर अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, विक्रम उसेंडी, केदार कश्यप, चंद्रशेखर साहू, रामविचार नेताम, राजेश मूणत के अलावा केन्द्रीय मंत्री चरणदास महंत, सांसद रमेश बैस, मोतीलाल वोरा, नंदकुमार साय, चंदूलाल साहू आदि भी उपस्थित थे।

बस्तर के मत्स्य इंस्पेक्टर पर छापा पौने दो करोड़ का आसामी निकला

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 8 फरवरी। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में विकासखंड बकावंड के मत्स्य विभाग में पदस्थ इंस्पेक्टर लखनपाल सिंह के घर व पेट्रोल पंप पर एसीबी की टीम ने छापा मारी की। जिसके तहत 1 करोड़ 87 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की गई है। इसके साथ ही 2 लाख 62 हजार नगद राशि एवं कृषि तथा आवासीय भूमि के कागजात भी मिले हैं। जिनका आंकलन जारी है।

लखनपाल सिंह विकास खंड बकावंड के मत्स्य विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। उसके अघनपुर स्थित घर एवं चित्रकोट रोड पर संचालित पेट्रोल पंप दंतेश्वरी फ्यूल पर रायपुर एवं जगदलपुर की संयुक्त टीम ने आज छापामारी की कार्रवाई की। जांच के दौरान मिले कागजातों के अनुसार अनुपातहीन संपत्ति दर्ज की गई। जिसमें दो प्लाट रायपुर में व तीन प्लाट जगदलपुर एवं अघनपुर में हैं तथा दंतेश्वरी फ्यूल नाम से संचालित पेट्रोल पंप से 2 लाख 87 हजार रुपए नकद तथा सोने चांदी के आभूषण सहित कुल 1 करोड़ 87 लाख रुपए की संपत्ति आंकी गई है।

एसीबी की टीम लखनपाल सिंह के बकावंड स्थित कार्यालय में भी जांच करेगी तथा यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि मत्स्य विभाग के पद पर कार्यरत इंस्पेक्टर लखनपाल सिंह ने किन स्रोतों से इतनी संपत्ति बनाई है। समाचार लिखे जाने तक एसीबी की टीम द्वारा छापे की कार्रवाई जारी थी।

सिद्दिकी को उप्र लोकायुक्त नोटिस

लखनऊ, 8 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त ने एक निजी कंपनी को कथित रुप से लाभ पहुंचाने के लिए सरकार की आबकारी नीति का उल्लंघन करने के आरोप में मिली एक शिकायत पर प्रदेश के गन्ना विकास एवं आबकारी मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को नोटिस जारी करके 19 फरवरी तक उनका जवाब मांगा है। लोकायुक्त जस्टिस एन.के. मेहरोत्रा ने बताया है कि इलाहाबाद के एक विनय कुमार मिश्र ने शिकायत की थी कि नसीमुद्दीन ने एक निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए वर्ष 2007 में निर्धारित आबकारी नीति की अवहेलना की है। जस्टिस मेहरोत्रा ने बताया कि वर्ष 2007 में जो नीति बनी थी, उसके तहत शराब के थोक व्यापार का लाइसेंस निगमों को दिये (बाकी पेज 5 पर)

स्पीक एशिया लोगों का पैसा लौटाए -सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 8 फरवरी (स्टर न्यूज)। ऑनलाइन सर्वे कंपनी स्पीक एशिया को निवेशकों से लिया गया पैसा लौटाना होगा। ये आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि स्पीक एशिया को ये रकम फिलहाल सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करानी होगी।

स्पीक एशिया एक ऑनलाइन सर्वे कंपनी थी जो सर्वे के बदले में लोगों को पैसा देने का वादा करती थी। कई निवेशकों ने अपने पैसे वापस पाने के लिए पिछले साल सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड चीफ जस्टिस आरसी लाहौटी को बतौर मध्यस्थ इस मामले में नियुक्त किया था। अब कोर्ट ने स्पीक एशिया को ये आदेश दिया है कि वो अपने निवेश से जुड़े रिकॉर्ड 11 फरवरी तक जस्टिस लाहौटी के सामने जमा करे। जस्टिस लाहौटी इसके बाद ये तय करेंगे कि कंपनी को निवेशकों को कुल कितना पैसा देना है। ये तय होने के दो हफ्ते के भीतर स्पीक एशिया को सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री में सारी रकम जमा करानी होगी।

वयस्क बच्चे मां-बाप की मर्जी से ही उनके घर में रह सकते हैं

बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला

मुंबई, 8 फरवरी (टाईम्स ऑफ़ इंडिया)। अवयस्क बच्चों की देखभाल करना माता-पिता की नैतिक ज़िम्मेदारी है, लेकिन बच्चों के पुख्त वय में पहुंच जाने के बाद उन्हें अपने माता-पिता की निजी सम्पत्ति में रहने का कानूनी अधिकर नहीं रहता। अपने माता-पिता की सम्पत्ति में रहने के लिए संतानों को उनकी मंजूरी ज़रूरी होती है। जस्टिस जे एच भाटिया ने कहा- वह अपने माता-पिता की इजाज़त से ही उनकी सम्पत्ति में रह सकते हैं, वर्ना नहीं।

यह बात बॉम्बे हाईकोर्ट ने यहां एक 73 वर्षीय वृद्ध और उसकी 35 वर्षीय बेटी के बीच सम्पत्ति के विवाद के मामले में कही है। बुजुर्गवार अपनी बेटी को पारसी कॉलोनी दादर में बने फ्लैट से बाहर करना चाहते थे।

अदालत ने बेटियों के बारे में कहा कि शादी के बाद वह अपने पति के परिवार की सदस्य बन जाती हैष जब एक बेटी शादी के बाद अपने पति के साथ रहने के लिए अपने पिता का घर छोड़ती है, तो वह अपने पिता के घर की सदस्य नहीं रहती, अपने पति के घर की सदस्य बन जाती है, जिसके साथ कानून के तहत मिले कुछ अधिकार जुड़े होते हैं।

अदालत ने कहा-शादी के बाद अपने पिता के घर जाने पर कानूनी तौर पर वह वहां महज एक अतिथि है और उसे वहां रहने का कानूनी हक नहीं है जब तक उसके माता-पिता चाहें, वह वहां रह सकती है,

(बाकी पेज 5 पर)

मप्र पुलिस ने दलित बच्चे के 'कान फाड़ दिए'

अरविंद छाबड़ा

दिल्ली, 8 फरवरी (बीबीसी)। पुलिस वालों ने नाखून हमारे कान में अड़ाकर हमारे कान फाड दिए...हमारे कान जोड़ के दो। कहीं शादी नहीं होगी। यह शब्द हैं उस 13-वर्षीय गरीब, दलित बच्चे के जो कथित रुप से पुलिस की ज़्यादती का शिकार हुआ है।

दिल दहला देने वाली ये घटना मध्यप्रदेश के सागर जिले की है। पुलिस वालों ने उसकी इतनी पिटाई की कि उसके कान के नीचे का भाग ही अलग कर दिया। नरेंद्र अहीरवार के कान का यह भाग अब कभी नहीं जुड़ पाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस बच्चे को सागर जिले की पुलिस ने दो हजार रुपए की चोरी के एक मामले में उठाया था।

पूछने पर कि अब उसका हाल कैसा है तो नरेंद्र ने कहा, भयंकर दर्द होता है। उसने बताया कि उन्हें दो पुलिस वालों ने चोरी के इल्जाम में उसे पकड़ा था। उसने कहा, हमने चोरी नहीं की थी। चोरी करने वाला लड़का हमारी बगल में खड़ा था तो उन्होंने समझा कि हम भी साथ हैं। उसने कहा कि पुलिस वाले बिना कुछ पूछे उसे पीटने लगे। नाखून अड़ा के कान फाड़ दिया। हमारे हाथ में भी मारा। फिर उन्होंने छाती में फट्टी मारी और फिर दवाई कराई।

यह लड़का भट्ठे में काम करता है। पढ़ाई छोड़नी पड़ी क्योंकि घर का खर्च चलाना था। उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। नरेंद्र के पांच भाई और पांच बहनें हैं। उसने बताया, हम भट्ठे में काम करते है और मां बीड़ी बनाती हैं तब घर का खर्च चलता है।

पुलिस अधीक्षक प्रमोद वर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए बीबीसी से कहा कि यह बहुत ही दुर्भागयपूण घटना है और पुलिस की छवि के लिए बहुत बड़ा धब्बा है। उन्होंने कहा, जांच में दोषी पाए गए दोनों पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है और कठोर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इन धाराओं में अनुसूचित जाति/ जनजाति की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा भी शामिल है।

स्थानीय पत्रकार राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि दलित समाज के लोग इस घटना को लेकर काफी आहत हैं और दोषी पुलिस वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि पुलिस अधीक्षक प्रमोद वर्मा दलित समाज की नाराजगी से इनकार करते हैं।

(बाकी पेज 5 पर)

ईरान ने रोके 7 सौ करोड़, भारत ने चावल-सप्लाई रोकी

नई दिल्ली, 8 फरवरी (टेलीग्राफ)। पश्चिम देशों के प्रतिबंध से परेशान ईरान द्वारा भारत से भेजे जा रहे चावल का भुगतान करने में आना-कानी से मुश्किल खड़ी हो गई है। नवंबर-दिसंबर में भेजे गए दो लाख टन चावल का भुगतान नहीं हुआ है। इसकी कीमत करीब 705 करोड़ रुपए है। अटके भुगतान की वजह भारतीय निर्यातकों ने ईरान को चावल की आपूर्ति रोक दी है।

चावल लेकर निकले विशाल कार्गो जहाजों को रास्ते में रोक लिया गया है। चावल की सप्लाई बंद होने से ईरान की समस्या और ज्यादा गंभीर हो सकती है, क्योंकि पश्चिमी देशों द्वारा लगाई गई आर्थिक रोक के बाद उसके लिए दूसरे देशों से सप्लाई हासिल करना पहले से ही मुश्किल हो रहा है। भारतीय चावल निर्यातक आमतौर पर तीन महीने के उधार के साथ चावल की सप्लाई करते हैं।

नवंबर में दिए गए चावल का अब तक भुगतान नहीं मिलने पर सारा कारोबार प्रभावित हो गया है। ईरान की तरफ जा रहे पांच चावल भरे जहाजों को आधे रास्ते से दूसरी जगह भेज दिया गया है।

ईरान के लिए विदेशी मुद्रा हासिल करने का सबसे बड़ा स्रोत कच्चा तेल ही है। उसकी मुद्रा रियाल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत घटने से आयात करना ईरान के लिए बहुत महंगा होता जा रहा है। भुगतान के लिए भी उनको दुबई में बैठे बिचौलियों की मदद लेनी पड़ रही है।

ईरान में चावल की सालाना खपत 11 से 12 लाख टन की है, जिसका 70 फीसदी हिस्सा भारत से जाता है। अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ईरान के खिलाफ और सख्ती करते हुए अमरीकी बैंकों को ईरान से जुड़ी संपत्तियों पर रोक लगाने के अधिकार दे दिए हैं।

इसका सबसे पहला असर चावल के भुगतान पर पड़ा है। भारत ईरान से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदने वाला दुनिया का दूसरा देश है।

कर्नाटक मंत्रिमंडल की यह तस्वीर विधानसभा में सेक्स-वीडियो देखते पकड़ाए गए मंत्रियों के बाद की नहीं है। कर्नाटक में योग सीख रहा मंत्रिमंडल इस वीडियो-कांड के पहले ही कान पकड़े हुए एक योग मुद्रा में

रोज 5-7 घंटे अभ्यास करती हैं सायना

नई दिल्ली, 8 फरवरी (हिंदुस्तान टाइम्स)। भारत की नंबर वन बैडमिंटन प्लेयर सायना नेहवाल की सफलता के पीछे उसकी लगन और कड़ी मेहनत है। लंदन ओलम्पिक 2012 की तैयारी में लगी सायना रोज पांच से सात घंटे तक कोर्ट पर प्रैक्टिस करती है। कोच ने उनके खाने से लेकर सोने तक का वक्त तय कर दिया है। सायना का फंडा भी बिल्कुल साफ है। बिना तकलीफ झेले कुछ हासिल नहीं ेता।

सायना के अनुसार वह रविवार को छोड़कर बाकी छहों दिन सुबह 6.30 से 7 बजे के बीच उठ जाती हैं। दिन की शुरुआत केले और दूध के हल्के नाश्ते के साथ होती है और वे तुरंत तैयार होकर कोर्ट पहुंचती हैं। वर्कआॅउट के बाद कोच की निगरानी में उनका अभ्यास शुरू हो जाता है। दमखम या स्टेमिना बढ़ाने, खेल की बारीकियों की सीखने और उनके लगातार अभ्यास के लिए कोच ने पूरा प्रोग्राम तय कर रखा है। अभ्यास के बाद वह करीब 11 बजे घर लौटती हैं। नहाने के बाद दोपहर 12.30 से 1 बजे के बीच भोजन के बाद वह कुछ देर सोने चली जाती हैं। आराम के बाद दोपहर 3.30 बजे के पहले वापस कोर्ट पर होती हैं। उसके बाद चालू होने वाला अभ्यास शाम 7 बजे तक चलता है। उसके बाद सीधे घर लौटने के बाद वह तैयार होकर रात के भोजन की टेबल पर होती हैं।

रात को 10 बजे के आसपास वह सोने चली जातीं हैं। बेहद कड़े और व्यस्त शिड्यूल के बावजूद आराम और टीवी देखने के लिए वक्त निकालती हैं।

(बाकी पेज 5 पर)

श्री नारायणा हॉस्पिटल
हड्डी रोग
• एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• फ्रेक्चर या मल्टीपल फ्रेक्चर, फ्रेक्चर में मवाद आना
• पीठ का दर्द एवं सियाटिका
• घुटने की आर्थोस्कोपी एवं लिगामेन्ट का पुनर्निर्माण
डॉ. सुनील खेमका
डॉ. शैलेन्द्र उपाध्याय
फोन- 0771-3001234 / 35 / 36

स्वास्थ्य

वजन घटायें या बढ़ायें
हेयर केयर
स्किन केयर
सनबर्न/आंखों के काले घेरे
CHILD GROWTH
Natural Nutrition for Natural way of life.
विनोद सक्सेना
NUTRITION CONSULTANT
Lifestyle Consultants
Multi Speciality Hi-tech Centre
समयः केवल फोन से
रविनगर (ईएसी कॉलोनी) RAIPUR
फोन- 2437290, मो. 98263-15767

बच्चों के दंत रोग
बच्चों के टेढ़े-मेढ़े दांत, दर्द करते सड़े दांतों का रूट केनाल ट्रीटमेंट, सड़न के बचाव हेतु फ्लोराइड एप्लीकेशन सड़े दांतों की फीलिंग M.D.S. (Pedodontist) द्वारा
फिक्स दांत इम्पलान्ट
फिक्स दांत लगाने की नई तकनीक बीना आजू बाजू के दांत घिसे
फिक्स बत्तीसी-डेंचर इम्पलान्ट द्वारा
बार बार निकालने लगाने का झंझट नहीं
डॉ. आशीष अग्रवाल
विद्या डेन्टल केयर हॉस्पिटल
99771-13639, 4099199

स्तन, बच्चेदानी, मुंह, आहार नली, गला, फेफड़े, अग्नाशय, अंतड़ी एवं अन्य सभी प्रकार के कैंसर ऑपरेशन तथा कीमोथैरेपी
ऑंको (कैंसर) सर्जरी
डॉ. मौ. रॉय M.S., M.Ch.
डॉ. पुष्कल द्विवेदी M.D.
Medical Oncology, ECMO
रामकृष्ण केयर अग्रवाल हॉस्पिटल

बिना ऑपरेशन पथरी का इलाज
गुर्दे की पथरी का लिथोट्रिप्टर द्वारा
डॉ. अनिल वर्मा
डॉ. वर्मा नर्सिंग होम
शांति नगर, रायपुर
फोन : 0771-2422220
30 वर्षों के सुदीर्घ अनुभवी सर्जनों द्वारा

बीमारी से बचाव किसी भी इलाज से बेहतर, अपना ख्याल रखना
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें- 0771-4025004

मिशन मीडिया प्रा.लि. के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक सुनील कुमार द्वारा छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित, संपादक- सुनील कुमार। आरएनआई रजि. क्रं. CHHHIN/2008/24127 फोन 0771-4008601/2/3/4/5/6/7/8 फैक्स 4025007,4092520, ईमेल newsdesk.chhattisgarh@gmail.com